खतरा | नगर पालिका के गढ्डों में मिट्टी डालकर किया अस्थायी इंतजाम

# अमलाई-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर बढ़ा हादसों का खतरा



**नवभारत,धनपुरी ।** अमलाई ओसीएम से अमरकंटक मुख्य मार्ग पर सड़क के गड्ढों को भरने के लिए नगर पालिका द्वारा मिट्टी डाले जाने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लगातार हो रही बारिश के बीच सड़क पर डाली गई मिट्टी फिसलन का कारण बन गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के लिए इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के नाम पर किया गया यह अस्थायी उपाय लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ साबित हो रहा है।

### आसपास के गावों का प्रमुख मार्ग

जानकारी के अनुसार, यह क्षेत्र का एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन आसपास के गांवों के लोग, कार्यालयों और खदानों में ड्यूटी करने वाले कर्मचारी तथा अन्य राहगीर बड़ी संख्या में आवागमन करते हैं। इसके अलावा इसी मार्ग से कोयले से लदे भारी वाहन भी लगातार गुजरते हैं। ऐसे में सड़क पर डाली गई मिट्टी बारिश के पानी से कीचड़ में बदल गई है, जिससे सड़क और अधिक फिसलन भरी हो गई है। वाहन चालकों का कहना है कि गड्ढों में भरी मिट्टी के कारण कई बार बाइक का संतुलन बिगड़ जाता है और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है।

### कुछ दिनों में ही उखड़ी सड़क

लोगों का कहना है कि बरसात शुरू होने से पहले इसी सड़क पर गड्ढों को भरने के लिए गिट्टी डाली गई थी, लेकिन वह भी कुछ ही दिनों में उखड़ गई। इससे न केवल सरकारी धन की बर्बादी हुई बल्कि सड़क की स्थिति में भी कोई स्थायी सुधार नहीं हो सका। अब बारिश के बीच मिट्टी डालकर गड्ढों को भरने का प्रयास किया गया है, जो पहले से अधिक खतरनाक साबित हो रहा है।

### उठ रहे सवाल

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब सड़क मरम्मत के लिए निर्धारित तकनीकी सामग्री और आधुनिक पद्धति उपलब्ध है, तब आखिर गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी का उपयोग क्यों किया गया? करोड़ों रुपये के बजट के बावजूद बरसात से पहले सड़क की मरम्मत क्यों नहीं कराई गई? क्या यह केवल खानापूर्ति है या फिर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही। इन सवालों के जवाब का इंतजार क्षेत्र की जनता कर रही है, जबकि लोगों की मांग है कि जिम्मेदार विभाग तत्काल कार्रवाई कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

### लोगों ने कहा-मिट्टी डालना समाधान नहीं

क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि सड़क की जल्द से जल्द तकनीकी मानकों के अनुरूप स्थायी मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि केवल मिट्टी डालकर गड्ढे भरना समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ गई है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क की उचित मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।



# सवा लाख शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का शुभारंभ

**हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा धनपुरी, पहले ही दिन उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब**

**नवभारत,धनपुरी।** सावन मास की पावन बेला में धनपुरी स्थित सुप्रसिद्ध राधाकृष्ण मंदिर इन दिनों शिवमय वातावरण से सराबोर है। संकल्प सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सवा लाख शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का शुभारंभ पहले ही दिन अभूतपूर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयघोष के बीच विधि-विधान से शिवलिंग निर्माण करते रहे। मंदिर परिसर में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

### धार्मिक कथा का हुआ आयोजन

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर मां नर्मदा के पावन जल से जलाभिषेक किया तथा परिवार, समाज और विश्व कल्याण की मंगलकामना की। शाम 4 बजे से धार्मिक कथा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे मंदिर परिसर में उत्कृष्ट व्यवस्थाओं ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

### कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

1 अगस्त को निकाली गई भव्य कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगलगीत गाए, जबकि युवा हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और सनातन संस्कृति की झलक देखने को मिली।

### मां नर्मदा के जल से हुआ भगवान शिव का अभिषेक

श्रद्धालुओं द्वारा मां नमदा से लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और घंटानाद के बीच सम्पन्न हुए इस पूजन ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।

## एक नजर में

### सूने मकान की अलमारी से उड़ाए नगदी और जेवर

**नवभारत,जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत तिलहरी चैतन्य सिटी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। शातिर चोरों ने बंद घर का ताला कटर से काटकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद अलमारी के लॉकर तोड़कर नगदी सहित सोने-चांदी के कीमती आभूषण पार कर दिए। चोरों ने किराएदार के साथ-साथ मकान मालिक के कमरे में रखे कैश पर भी हाथ साफ किया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, चैतन्य सिटी फेस-2 तिलहरी निवासी 58 वर्षीय वंदना पाटिल मेडिकल में कार्यरत हैं। वे बीते 25 जुलाई की शाम को दिल्ली-गाजियाबाद में रहने वाली अपनी बेटी ज्योति शर्मा से मिलने गई थीं। घर पर कोई नहीं था, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। पीड़िता जब वापस जबलपुर लौटीं, तो मुख्य चैनल गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर कमरों के दरवाजे खुले थे और अलमारी का लॉक टूटा था।

### जैविक हाट : नए उत्पादों ने बढ़ाया आकर्षण

**जबलपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जबलपुर कृषि उपज मंडी में आयोजित किये जा रहे साप्ताहिक जैविक हाट का इस रविवार को भी सफल आयोजन किया गया। खेत से थाली तक शुद्ध आहार की अवधारणा पर आधारित जैविक हाट में प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने वाले किसानों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने रसायन-मुक्त एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री की खरीदी की। इस रविवार को लगाये गये साप्ताहिक जैविक हाट में सब्जियों एवं फलों के साथ कदम के फूल, करौंदा, कटहल, विभिन्न प्रकार के अनाज, मक्का तथा पनीर, दही एवं शुद्ध देशी घी जैसे दुग्ध उत्पाद भी उपलब्ध रहे।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ

**नवभारत,बुढ़ार।** बहुजन गोंडवाना पार्टी द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी गई है। जिसमें मुख्य रूप से जिले में चल रहे अवैध कोयला खदानों से दिन प्रतिदिन कोल माफियाओं के द्वारा जो कोयला निकाला जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है।



### ये रहे मौजूद

प्रथम दिवस हड़ताल में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, एडवोकेट दिलीप चौधरी, एडवोकेट बादल चौधरी, आदित्य चौधरी, संजीव चौधरी, संजय चौधरी, सागर चौधरी, राकेश चौधरी, मनोज चौधरी, बच्चू लाल चौधरी, छोटू चौधरी, आशु चौधरी, अनूप चौधरी, सहित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

बहुजन गोडवाना पार्टी ने आरोप लगाया है की मध्य प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट नहीं हो रहा है और जब तक इन मांगों पर शासन प्रशासन के द्वारा ठोस कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई, 20 वाहनों का किया चालान




**विशेष वाहन जांच अभियान**

**नवभारत,धनपुरी ।** जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में 1 से 10 अगस्त तक मोटर वाहन अधिनियम के तहत विशेष वाहन जांच एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस दस दिवसीय अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा लगातार सघन वाहन जांच की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करना तथा आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है।

### कार के शीशे पर चढ़ी रही काली फिल्म

इसी क्रम में सोमवार को पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। जांच के दौरान ऐसे वाहनों पर विशेष ध्यान दिया गया जिनमें नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगी हुई थी, वाहनों के शीशों पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी या अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। पुलिस ने जांच के दौरान 20 ऐसे वाहनों की पहचान की जो निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। सभी वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

# दतिया में जनता के विश्वास और कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों की जीत : अवस्थी

**दतिया उपचुनाव जीत पर कांग्रेस में जश्न**

**नवभारत,शहडोल ।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की शानदार विजय के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में गांधी चौक पर उत्साहपूर्वक जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान



कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और कांग्रेस के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए।

### जनता ने जताया विश्वास

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि दतिया की जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों, विकास और जनहित की राजनीति पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को विजयी बनाया है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा के खिलाफ जनादेश

उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक उम्मीदवार की नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं, कांग्रेस की जनसेवा की भावना और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के स्पष्ट जनादेश की जीत है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और दतिया विधानसभा उपचुनाव का परिणाम इसका स्पष्ट संकेत है।

# एसपी ने किया चौकियों का औचक निरीक्षण

**सुरक्षा व्यवस्था परखी, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश**

**नवभारत, शहडोल।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने सोमवार को जिले की सीमावर्ती पुलिस चौकियों केशवाही, दर्शीला एवं झींक बिजुरी का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने चौकियों की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था,



अपराध नियंत्रण की तैयारियों एवं पुलिस बल की सतर्कता का बारीकी से जायजा लिया।

### दिए दिशा निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने चौकियों में उपलब्ध संसाधनों, ड्यूटी व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों से आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की नियमित जांच, संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई तथा अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी गश्त और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दतिया चुनाव परिणाम से भाजपा को सबक लेना चाहिए : तिवारी



**नवभारत, शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य कैलाश तिवारी ने दतिया चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह परिणाम बताते हैं कि अब समय आ गया है कि संगठन एवं सत्ता को विचार करना चाहिए कि यह परिणाम क्यों आया है। कैलाश तिवारी ने कहा है कि प्रदेश में जो स्थितियां चल रही है उससे आम जनता तथा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं है। संगठन में वरिष्ठ जनों की उपेक्षा की जा रही है तथा उनके द्वारा दिए गए सुझावों को दरकिनार कर दिया जाता है। यह अच्छी स्थिति नहीं है।

### अधिकारी कर रहे जनता का शोषण

शासन में अधिकारी वर्ग भ्रष्टाचार में लिप्त हो कर जनता के शोषण में लगे हुए हैं। भाजपा नेताओं एवम जनप्रतिनिधियों की जन समस्याएं सुनने के लिए उनके पास समय नहीं है। उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है। कैलाश तिवारी ने कहा है कि सत्ता एवं संगठन दोनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए अन्यथा आगामी नगरीय चुनाव में परिणाम भाजपा के हित में नहीं आ सकते हैं।

# गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

**मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान**

**नवभारत, शहडोल।** कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने प्रतिभा सम्मान योजना के तहत शहडोल संभाग के चयनित 30 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए शिवम प्रजापति ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरी एकाग्रता, समर्पण



और कठिन परिश्रम के साथ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने और स्वयं को निखारने का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है, इसलिए इस अमूल्य अवसर का सकारात्मक उपयोग करते हुए अपने सपनों को साकार करने का प्रयास करना चाहिए।

### छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने का उद्देश्य

जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चौधरी ने बताया कि प्रतिभा सम्मान योजना छात्रों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं तथा छात्रवृत्ति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका संचालन पीएसवाई नेशनल एग्जाम एंड रिसर्च काउंसिल द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से किया जाता है।

आरोप | थाने पर लगाया लीपापोती का आरोप

# करंट से बेटे की मौत, न्याय के लिए भटक रहा परिवार




**नवभारत,ब्यौहारी ।** ग्राम साखी में करंट लगने से हुई युवक प्रिंस लोनी की मौत का मामला अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

बेटे को खो चुके पिता सूरज लोनी ने पुलिस अधीक्षक शहडोल को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि घटना को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। उल्टा शिकायत करने पर उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है और सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बंद कराने का दबाव बनाया जा रहा है।

### जंगली सुअर के लिए बिछाया गया था तार

शिकायत के अनुसार प्रिंस लोनी, सुरेश लोनी और पप्पू लोनी खेत के पास पहुंचे, जहां कथित रूप से जंगली सूअर के शिकार के लिए बिजली का करंट फैलाया गया था। करंट की चपेट में आने से प्रिंस लोनी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए।

### आरोपियों पर नहीं हुई कार्रवाई

शिकायत में दावा किया गया है कि सुरेश लोनी और बेबी लोनी ने आरोपितों को बिजली का करंट फैलाते हुए देखा था। इसके बावजूद पुलिस अब तक आरोपियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।

### पुलिस अधीक्षक से न्याय की आस

हताश पिता ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई तथा अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या बेटे की मौत के बाद भी पीड़ित परिवार को न्याय के लिए भटकना पड़ेगा, या पुलिस इस मामले में निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई कर सच सामने लाएगी।

### आरोपियों ने कहा -नहीं है कानून का भय

पीड़ित परिवार का आरोप है कि पूरे मामले में लीपापोती की जा रही है। सूरज लोनी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी खुलेआम कहते हैं कि उन्हें पुलिस और कानून का कोई डर नहीं है तथा वे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने का दावा करते हैं।

# झूलते बिजली तारों से हादसे का खतरा

**ग्राम पंचायत पैलवाह में दिनभर डिम रहती है बिजली**

**नवभारत , गोहपारू।** जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत पैलवाह में बिजली व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की गलियों में कई स्थानों पर बिजली के तारों में अस्थायी रूप से कपड़े (लुग्गी) बांधकर उन्हें संभाला गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर एवं झूलते तारों के कारण पूरे गांव में दिनभर लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। बिजली डिम रहने से पंखे, कूलर, टीवी, मोटर एवं अन्य घरेलू उपकरण ठीक से नहीं चल पाते, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि विद्युत विभाग सभी उपभोक्ताओं को अपने-अपने निर्धारित बिजली खंभे से ही



कनेक्शन उपलब्ध कराए। कई स्थानों पर दूर के खंभों से खींचे गए तारों और अव्यवस्थित कनेक्शनों के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है तथा तारों के झूलने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने मांग की है कि गांव के पुराने एवं झूलते तारों को तत्काल बदला जाए, अवैज्ञानिक कनेक्शनों को व्यवस्थित किया जाए तथा प्रत्येक उपभोक्ता को उसके निकटतम खंभे से ही सुरक्षित कनेक्शन देकर नियमित एवं पर्याप्त वोल्टेज की बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।